EMS Workshop, Sector 12 - Bhayander

आपकी काबिलियत से कई ज्यादा आपका मौजूद होना अहमियत रखता है।

27 मई 2018, मुंबई:

सतगुरु माता सविंदर हरदेव जी महाराज की कृपा एवं संत निरंकारी मंडल, प्रचार विभाग के दिशा निर्देशानुसार 26 मई 2018 को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक भायंदर भवन पर इ.एम.एस. वर्कशॉप का आयोजन किया गया। अंग्रेजी भाषा से परिचित एवं अपरिचित संतो ने इस वर्कशॉप में भाग लेकर सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के घोष वाक्य ‘आपकी काबिलियत से कई ज्यादा आपका मौजूद होना अहमियत रखता है’ को सिद्ध किया।

दहिसर, मीरा रोड, पेंकरपाड़ा, काशिमिरा, मूर्धा गांव, भायंदर पूर्व, कुर्ला, अंधेरी, गोरेगांव, कांदिवली, बोरीवली एवं खारघर से लगभग 300 के करीब संतो ने उत्साहपुर्वक भाग लिया। हर उम्र के संत जैसे बच्चें, युवा एवं बुजुर्गो की उपस्थिति से यही ज्ञात हो रहा था कि इ.एम.एस वर्कशॉप में शामिल होना सिर्फ युवाओं की ही जिम्मेदारी नही है बल्कि हर गुरसिख का अपने सतगुरु के आदेशों के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

निरंकारी मिशन के इतिहास पर आधारित वीडियो डॉक्यूमेंट्री द्वारा इस कार्यक्रम की शुरुवात हुई। पूज्य भूपिंदर कुमार 'हंस' जी ने इंटरैक्टिव सेशन (एक्टिविटी के माध्यम) द्वारा सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की जीवंत शिक्षओं पर रोशनी डालने का सुंदर प्रयास किया। दीवार रहित संसार की स्थापना करने में संत निरंकारी मिशन के 5 प्रणों के मूलभाव को दर्शाने हेतु 5 स्टॉल्स लगाए गए थे जिसमे प्रणों के अनुसार गतिविधियों का आयोजन किया गया था। इसके उपरांत सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के घोष वाक्य पर आधारित वर्ग-पहेली का आयोजन किया गया था जिसमे मिशन के 5 प्रणों का मूलभाव जैसे **surrender**-समर्पण, **equanimity**-समानता, **tolerance**-सहनशीलता, **householder**-गृहस्थ, **humility**-विनम्रता छिपे थे। सम्पूर्ण अवतार बाणी पर आयोजित प्रश्नमंजुष में संतों ने उत्साहपुर्वक भाग लिया। निरंकारी मिशन के अनमोल रत्न पूज्य भगत कोटूमल जी के आदर्श जीवन को वीडियो डाक्यूमेंट्री एवं नाटिका द्वारा दर्शाया गया।

सेक्टर ससंयोजक, पूज्य हिम्मतभाई जी ने आये हुए संतों का स्वागत किया एवं युवाओं को मिशन के कार्य मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।